राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdbed.cce@gmail.com and jdpi.cce@gmail.com Ph.: 0141-2706736 (O);

क्रमांकःएफ 24(कोविड–19)/बी.एड./आकाशि/2020/190 दिनांक : 22.06.2020

सचिव/प्राचार्य/रजिस्ट्रार,
शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय/विश्वविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः– शिक्षा संकाय से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में स्कूल स्थानबद्ध कार्यक्रम (इन्टरशिप) एवं उक्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों को छोड़कर शेष विद्यार्थियों को प्रोविजनली क्रमोन्नत करने बाबत।

संदर्भः– शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग का पत्र क्रमांक 31(1)2015 दिनांक 17.06.2020

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में कोविड–19 महामारी के मद्देनजर शिक्षा संकाय से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों जैसे B.Ed, B.A. B.Ed./ B.Sc. B.Ed. (चार वर्षीय एकीकृत), M.Ed, B.P.Ed.,M.P.Ed., B.Ed.- M.Ed (तीन वर्षीय एकीकृत) पाठ्यक्रम में अध्ययनरत अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों को छोड़कर शेष कक्षाओं के विद्यार्थियों को क्रमशः आगामी कक्षाओं में प्रोविजनली क्रमोन्नत किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है साथ ही उक्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत जिन प्रशिक्षणार्थियों का स्कूल स्थानबद्ध कार्यक्रम (इन्टर्नशिप) कोविड–19 महामारी के कारण पूर्ण नहीं हुआ है, उनको नवीन सत्र में विश्वविद्यालय परीक्षाओं के बाद सम्बन्धित स्कूल स्थानबद्ध कार्यक्रम (इन्टर्नशिप) पूर्ण करने की इजाजत इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि उनका अन्तिम परीक्षा परिणाम इन्टर्नशिप प्रमाण पत्र जमा कराने के उपरान्त ही जारी किया जाये। सामान्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के आयोजन के पश्चात शिक्षा संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आयोजित की जावे।

भवदीय,

आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा,राजस्थान,जयपुर।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. निजी सचिव, कार्यालय राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राजस्व, उपनिवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्रीय विकास एवं जल उपयोगिता विभाग राजस्थन सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव,कार्यालय शासन सचिव,उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,शासन सचिवालय,जयपुर।
3. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा(ग्रुप–4)विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
4. संयुक्त शासन सचिव, उच्च शिक्षा(ग्रुप–2)विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
5. समन्वयक पीटीईटी 2020, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर।
6. समन्वयक, M.Ed, B.P.Ed.,M.P.Ed., B.Ed.- M.Ed, 2020 राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. रजिस्ट्रार, सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं निजी विश्वविद्यालय, राजस्थान।
8. राज्य परियोजना निदेशक, रामसा, जयपुर उपरोक्तानुसार इन्टर्नशिप कार्यक्रम आयोजित कराने का श्रम करें।
9. प्रभारी वेबसाईट, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
10. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (निजी संस्था)
कॉलेज शिक्षा,राजस्थान,जयपुर।